# गंदी बस्तियों में नहीं होते विकास कार्य

**खास बातें**
- जेसीबी से निकाला जा रहा गंदा पानी
- पिछड़े वार्डों में सुविधाओं की कमी पर उठे सवाल
- लोग हो रहे नाराज



नवभारत न्यूज
**गंजबासौदा 23 मई,. नगर की गंदी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं के अभाव को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि जेसीबी मशीनों के माध्यम से केवल जमीन की खुदाई कर गंदा पानी निकाला जा रहा है, जबकि स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्य नहीं हो रहा है.**

लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद को शासन द्वारा गंदी बस्तियों के विकास एवं सफाई व्यवस्था के लिए पृथक धनराशि उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन उसका उपयोग जरूरतमंद क्षेत्रों में प्रभावी तरीके से नहीं किया जा रहा है. इसके चलते पिछड़े वार्डों के रहवासियों को आज भी जल निकासी और सफाई जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है.

इस मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कहा कि परिषद द्वारा जिन कार्यों के प्रस्ताव पारित किए जाते हैं, प्राथमिकता के आधार पर उन्हीं कार्यों को कराया जाता है. उन्होंने बताया कि नगर पालिका का प्रयास है कि अब गंदी बस्तियों में भी विकास कार्य कराए जाएं.मुख्य नगर पालिका अधिकारी के अनुसार, शासन से जैसे ही विकास कार्यों के लिए नई धनराशि प्राप्त होगी, सबसे पहले पिछड़े वार्डों और गंदी बस्तियों में आवश्यक कार्य कराए जाएंगे ताकि वहां के लोगों को राहत मिल सके.

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

**घर से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना**



नवभारत न्यूज
**पठारी 23 मई, थाना क्षेत्र के बडोह गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान 60 वर्षीय राम किशोर तिवारी के रूप में हुई है, जो घर में अकेले रहते थे.**

जानकारी के अनुसार, घर से तेज दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह ठाकुर, त्योंदा एसआई गौरव रघुवंशी एवं पठारी पुलिस मौके पर पहुंची और घर के अंदर से शव बरामद किया.बताया जा रहा है कि शव पर जलने जैसे नीले निशान दिखाई दे रहे थे तथा शरीर का रंग भी नीला पड़ा हुआ था.

## एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया. टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए.फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. घटना के बाद गांव में दहशत और चर्चाओं का माहौल बना हुआ है.कुरवाई एसडीओपी रोशनी सिंह ठाकुर ने बताया कि मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा. उन्होंने कहा कि तेज गर्मी के कारण शव का डीकंपोज होना शुरू हो गया था, जिसके चलते हाथ-पैर नीले पड़ने की संभावना है.

## सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी बिजली

नवभारत न्यूज
**सांची** . आगामी मौसम को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे मेंटेनेंस कार्य के चलते रविवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी.जानकारी के अनुसार 33 केवी आमखेड़ा फीडर पर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा. इसके कारण निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी.बिजली बंद रहने से सांची शहर, गुलगांव चौराहा, बस स्टैंड क्षेत्र, स्तूप रोड, हेडगेवार कॉलोनी, काछी कानाखेड़ा, आमखेड़ा, बिलोरी, नोनाखेड़ी सहित अन्य क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी.विद्युत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि आगामी मौसम के मद्देनजर आमखेड़ा 33 केवी फीडर सहित अन्य लाइनों में मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है. उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य पहले ही पूर्ण कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके तथा मेंटेनेंस कार्य में सहयोग प्रदान करें.

## कर्मचारियों की समस्याओं और संगठन विस्तार पर मंथन, जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज
**विदिशा. मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला शाखा विदिशा की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन नगर पालिका सभा कक्ष में किया गया. बैठक में जिले एवं विभिन्न तहसीलों और ब्लॉकों से आए पदाधिकारियों ने भाग लिया. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ईश्वर प्रसाद शर्मा ने की.**बैठक में कर्मचारियों की तात्कालिक समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई. इसमें सीपीसीटी, टीईटी, स्वास्थ्य बीमा, वरिष्ठता सहित विभिन्न लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया. पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संगठन स्तर पर प्रयास तेज करने की बात कही.संगठन विस्तार को लेकर वार्षिक सदस्यता एवं आजीवन सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई. साथ ही संगठन को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नए सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया. बैठक में नवीन संगठनात्मक दायित्वों का अनुमोदन भी किया गया.वित्तीय समीक्षा के दौरान विगत एक वर्ष के आय-व्यय एवं लेखा-जोखा का प्रस्तुतीकरण किया गया. इसके अलावा शमशाबाद में आयोजित जिला सम्मेलन में हुए व्यय पर भी विस्तार से चर्चा हुई. बैठक में नवीन जिला कार्यालय के शुभारंभ की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया गया. पदाधिकारियों ने बताया कि शीघ्र ही जिला स्तर पर नए कार्यालय का शुभारंभ किया जाएगा. इसके साथ ही ब्लॉक एवं तहसील स्तर पर संचालित संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रणनीति तय की गई.बैठक में जिले के सभी तहसील एवं ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहे. उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता अतुल श्रीवास्तव ने दी.

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा वलनेरेबिलिटी मैपिंग सर्वे शुरू

- जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान कर मुख्यधारा से जोड़ने का अभियान

नवभारत न्यूज
**पठारी . कुरवाई सेक्टर के बड़ोह आंगनवाड़ी केंद्र में वलनेरेबिलिटी मैपिंग सर्वे शुरू किया गया है. इस अभियान के तहत जोखिमग्रस्त बच्चों की पहचान के लिए सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में सर्वे कराया जा रहा है.**

अत्यधिक संवेदनशील परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों को तलाशकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है. भोपाल संचालनालय द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए अन्य जिलों के साथ विदिशा जिले को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है.इस सर्वे की जिम्मेदारी जमीनी स्तर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है. सर्वे के दौरान ऐसे बच्चों एवं परिवारों की पहचान की जा रही है, जो सामाजिक, आर्थिक अथवा अन्य कारणों से संवेदनशील परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं.ग्राम पदमयाई के आंगनवाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण सेक्टर सुपरवाइजर संगीता दुबे द्वारा किया गया. उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे बच्चे जो दिव्यांग हैं या किसी भी प्रकार की जोखिमपूर्ण स्थिति में रह रहे हैं, उनका नाम सर्वे से छूटना नहीं चाहिए.सर्वे के दौरान मिले पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी.

## अच्छे विचारों से जीवन में आती है सकारात्मक ऊर्जा-ब्रह्माकुमारी

- 'मैं कर सकता हूं' की सोच से जागृत होती है शक्ति
- राजयोगी चिल्ड्रन समर कैंप में बच्चों को दिए जीवन मूल्य

नवभारत न्यूज
**विदिशा, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, मुखर्जी नगर सेवा केंद्र की ओर से आयोजित चार दिवसीय 'राजयोगी चिल्ड्रन समर कैंप' के तीसरे दिन बच्चों को खेल-खेल में जीवन मूल्यों की शिक्षा दी गई.**

कैंप में बच्चों के लिए मनोरंजक खेल, एक्सरसाइज, वैल्यू बेस्ड स्टोरीज और म्यूजिकल चेयर जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे बच्चों में एकाग्रता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित हो सके. कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर हेमंत यादव एवं महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे.ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने मैजिक ऑफ यूनिवर्स विषय पर कहा कि ब्रह्मांड हमारी हर सोच को सुनता है और हम जैसा सोचते हैं, वैसी ही ऊर्जा हमारे जीवन में बढ़ती है. उन्होंने बच्चों को सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि मैं कर सकता हूं की भावना भीतर की शक्ति को जागृत करती है.

उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचार, अच्छी संगति और धन्यवाद बोलने की आदत जीवन में बड़े बदलाव लाती है. खुश रहने वाले बच्चों को अच्छी ऊर्जा और अच्छे मित्र मिलते हैं.डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर हेमंत यादव ने कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चे मोबाइल और गैजेट्स में अधिक उलझते जा रहे हैं. ऐसे समर कैंप बच्चों को सकारात्मक सोच, मेडिटेशन और संस्कारों से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं. उन्होंने बच्चों को अनुशासन और समय के सदुपयोग का महत्व भी बताया तथा अभिभावकों की सराहना की.ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि सकारात्मक सोच बच्चों के व्यक्तित्व को मजबूत बनाती है. बच्चे जैसा सोचते हैं, वैसा ही उनका आत्मविश्वास और व्यवहार विकसित होता है. यदि बच्चा प्रतिदिन स्वयं से कहे कि वह सक्षम और प्रतिभाशाली है, तो उसका मन उसी दिशा में कार्य करने लगता है.उन्होंने कहा कि अच्छे विचार, अच्छी संगति और कृतज्ञता जीवन में नई ऊर्जा लाते हैं. सुबह के सकारात्मक विचार पूरे दिन को बेहतर बना सकते हैं. डर और गुस्से की बजाय प्यार, शांति और मुस्कान को अपनाने वाले बच्चे मानसिक रूप से अधिक मजबूत बनते हैं.महिला थाना प्रभारी उर्मिला यादव ने बच्चों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से गुड टच और बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी. कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए.



## ईद पर ईदगाह सहित मस्जिदों के आसपास व्यवस्थाएं कराने की मांग

नवभारत न्यूज
**सिरोंज,आगामी 28 मई गुरुवार को मनाये जाने वाले ईद-उल-अज़हा पर्व को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन देकर शहर एवं मस्जिदों के आसपास विशेष साफ सफाई और आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की मांग की. इस दौरान उन्होंने कहा कि ईद-उल-अज़हा का पर्व मुस्लिम समाज द्वारा उत्साह के साथ मनाया जावेगा.** इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों एवं ईदगाह में नमाज अदा करेंगे. ऐसे में पर्व के दौरान स्वच्छता एवं व्यवस्थाएं बनाए रखना आवश्यक है. उन्होंने प्रशासन को जानकारी देते हुए बताया कि ईद की नमाज ईदगाह पर सुबह 7 बजे, जामा मस्जिद में 7.15 बजे, ताज मस्जिद में 7.30 बजे, कमनगिरान मस्जिद में 7.45 बजे तथा बिलाल मस्जिद में सुबह 8.00 बजे अदा की जावेगी. इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं कमेटी के सदस्य मौजूद रहे.

## गांव-गांव पहुंचकर कृषि विशेषज्ञों ने दी उन्नत खेती और मिट्टी परीक्षण की सलाह

- कृषि रथ कर्मचारियों ने किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी



नवभारत न्यूज
**पठारी . किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित कृषि रथ शनिवार को ग्राम भालबामोरा, पलीता एवं मथुरापुर पहुंचा. गांवों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को उन्नत एवं जैविक खेती की जानकारी दी गई.**

कार्यक्रम में बासौदा कृषि महाविद्यालय के डॉ. महाजन ने किसानों से संवाद करते हुए उन्नत कृषि तकनीकों एवं जैविक खेती के महत्व पर चर्चा की. वहीं क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अमित रघुवंशी ने किसानों को मिट्टी परीक्षण की प्रक्रिया और उसके लाभों की जानकारी दी. उन्होंने नरवाई जलाने से पर्यावरण को होने वाली हानि के बारे में भी किसानों को जागरूक किया.इस दौरान उद्यानिकी विभाग, मंडी समिति, सहकारिता विभाग, पंचायत विभाग एवं बैंक प्रतिनिधियों द्वारा किसानों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई.अधिकारियों ने बताया कि कृषि रथ सोमवार को ग्राम छपारा, जाजपोन एवं पठारी पहुंचेगा, जहां किसानों को कृषि संबंधी योजनाओं, आधुनिक तकनीकों और फसल प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी.

## चार मंदिरों से चांदी के मुकुट एवं हार चोरी, ग्रामीणों में आक्रोश

**धर्म की आस्था पर पहुंची ठेस**



नवभारत न्यूज
**हैदरगढ़ . ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिकली एवं खिरिया जागीर स्थित चार मंदिरों में चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश का माहौल है. चोरों ने हनुमान एवं राम-जानकी मंदिरों से भगवान के चांदी के मुकुट, हार सहित अन्य आभूषण चोरी कर लिए. एक साथ हुई घटनाओं के बाद पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं.**

जानकारी के अनुसार ग्राम खिरिया जागीर में दोपहर के समय चोरों ने हनुमान मंदिर और राम-जानकी मंदिर को निशाना बनाया और वहां से भगवान के मुकुट व जेवर चोरी कर लिए. इसके बाद देर रात ग्राम पंचायत चिकली में राम-जानकी मंदिर के सामने स्थित हनुमान मंदिर की खिड़की तोड़कर हनुमान जी का मुकुट एवं हार चोरी कर लिया गया.

चोर यहीं नहीं रुके. उन्होंने गांव के बीच स्थित एक अन्य हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर वहां भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया.

**हनुमान मंदिर सहित कई मंदिरों के ताले टूटे, मुकुट और हार चोरी**

सुबह करीब पांच बजे पुजारी जगदीश तिवारी मंदिर खोलने पहुंचे तो हनुमान मंदिर की खिड़की टूटी मिली.अंदर जाकर देखा तो मुकुट और हार गायब थे. इसके बाद अन्य मंदिरों के पुजारियों ने भी ताले टूटे होने और सामान चोरी होने की जानकारी दी. घटना की खबर फैलते ही मंदिरों पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई.सूचना मिलते ही हैदरगढ़ थाना प्रभारी रघुराज रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थलों का निरीक्षण किया.पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.एसएफएल टीम ने मौके पर पहुंचकर फिंगरप्रिंट लिए हैं तथा डॉग स्क्वॉड की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है. हालांकि फिलहाल पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है.सरपंच सुखेंद्र किरार ने कहा कि मंदिरों में चोरी की घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश है.ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से जल्द खुलासा कर आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।एक ही रात में चार मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

**गर्मी** | **पेड़ों की कटाई और घटती हरियाली बनी चिंता का कारण, लू के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित**

# भीषण गर्मी की चपेट में सांची, तापमान 41 डिग्री पहुंचा



नवभारत न्यूज
**सांची . नगर सहित पूरे क्षेत्र में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी अब आमजन के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनती जा रही है. तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से जनजीवन प्रभावित होने लगा है. आग उगलती धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया है. हालात ऐसे हैं कि पंखे और कूलर भी राहत देने के बजाय गर्म हवा फेंकते नजर आ रहे हैं, वहीं बिजली की आंखमिचौली लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रही है.**

दोपहर के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है. जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग भी तेज धूप और लू से बेहाल नजर आ रहे हैं. नगर के प्रमुख चौराहों और बाजारों में लोग छांव और ठंडे पानी की तलाश करते दिखाई दे रहे हैं. शाम तक भी तापमान 41 डिग्री के आसपास बने रहने से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है. लू के थपेड़ों का असर बढ़ने से बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक समय सांची क्षेत्र घने पेड़-पौधों और हरियाली के लिए जाना जाता था, लेकिन लगातार हो रही पेड़ों की कटाई और तेजी से बढ़ते शहरीकरण के कारण हरियाली खत्म होती जा रही है. वर्षों से वृक्षारोपण अभियान चलाए गए, लेकिन पौधारोपण के बाद उचित देखरेख नहीं होने से अधिकांश पौधे नष्ट हो गए और अभियान केवल औपचारिकता बनकर रह गया.

नागरिकों ने राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान बड़ी संख्या में काटे गए पेड़ों का मुद्दा भी उठाया. लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी ने कटे हुए पेड़ों के बदले अधिक पौधे लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह वादा अधूरा रह गया. आज भी सड़क किनारे पड़े सूखे ठूंठ उजड़ी हरियाली की कहानी बयां कर रहे हैं.मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है. ऐसे में नागरिकों ने प्रशासन से प्रभावी वृक्षारोपण अभियान चलाने, पौधों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करने और हरियाली बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है.

नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते हरियाली बचाने की दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाले वर्षों में बढ़ती गर्मी क्षेत्र के लिए बड़ा संकट बन सकती है.

## शासकीय महाविद्यालय कुरवाई में चला नशामुक्ति अभियान



नवभारत न्यूज
**कुरवाई 23 मई, शासकीय महाविद्यालय कुरवाई, जिला विदिशा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम तथा नशा निवारण के लिए शासन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया.**

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए जीवन में नशे से दूर रहने का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए.राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अक्षय तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे की लत से दूर रहने और अपने मित्रों, परिवार तथा समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया.इस दौरान विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए नशा मुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर किए और नशा निवारण का संकल्प लिया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य डॉ. कुसुमलता, डॉ. सपना साहू, डॉ. संदीप पांडेय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे.कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अक्षय तिवारी के संयोजन तथा रासेयो स्वयंसेवक प्रियांश राय, अमन यादव एवं रानी अहिरवार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.